एक नजर में

रेलवे ट्रैक की पास मिला अज्ञात युवक का शव

मुलताई। नागपुर रेल मंडल अंतर्गत मुलताई बैतूल रेल्वे स्टेशन की बीच ग्राम जौलखेड़ा के पास रेलवे ट्रैक पर बुधवार की सुबह साढ़े 6 बजे एक युवक का शव मिला है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया बुधवार की सुबह जीआरपी ने पुलिस को सूचना दी कि जौलखेड़ा में रेलवे ट्रैक की पास अज्ञात 30 वर्षीय पुरुष का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर मुलताई पुलिस मौके पर पहुंची शव पंचनामा बनाकर शव को मरचूरी मे रखा हुआ है। शव की पास से कोई दस्तावेज नही मिलने से शव की पहचान नहीं हो पाई है। पहचान की लिए मृतक की फोटो आसपास के थानो एवं सोशल मीडिया पर दी गई है। पुलिस द्वारा मामले मे मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

आगजनी पीड़ित परिवार से मिले विधायक

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम बिसनुर मे बीच बस्ती स्थित धोटे परिवार के घरों में बुधवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। जिसमें बलराम धोटे, अजब धोटे, भोजराव धोटे, पंजाब धोटे, उमेश धोटे, रमेश धोटे को लाखों का आर्थिक नुकसान हुआ साथ ही पशु भी झुलस गए एवं पशु चारा भी जलकर खाक हो गया धोटे परिवार को रोजमर्रा में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री अनाज ट्रैक्टर बैलगाड़ी नगदी कृषि उपकरण सहित आशियाना उजड़ गया जिससे ग्राम का हर नागरिक सहमा हुआ है वहीं पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर देशमुख भाजपा नेता राजेश पाठक सहित अन्य लोग पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया एवं पीड़ित परिवार से कहा कि दुख की इस घड़ी में हम आपके साथ खड़े हैं आपका आशियाना फिर से बस जाएगा। विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा पीड़ित परिवार को बीस बीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की एवं शासन से मिलने वाली योजनाओं का प्राथमिक रूप से लाभ दिलाने की तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

जबरदस्ती करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मुलताई। थाना क्षेत्र मे नाबालिग बालिका से जबरदस्ती एवं मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका द्वारा थाना मुलताई में शिकायत दर्ज कराई गई कि हतनापुर निवासी शिवा पिता भीवजी पिपरदे उम्र 20 वर्ष द्वारा उसे लगातार परेशान किया जा रहा था तथा मिलने का दबाव बनाया जा रहा था। पीड़िता के अनुसार आरोपी द्वारा उसके घर में घुसकर जबरदस्ती करने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ आरोपी ने लाठी से मारपीट की, जिससे पीड़िता के पिता एवं चाची को चोटें आईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मुलताई पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत माननीय न्यायालय में पेश किया गया।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार, उप निरीक्षक मोनिका पटले, आरक्षक कमलेश भलावी, सैनिक गुरुदयाल रघुवंशी एवं चालक सेवाराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जिला अस्पताल की टोकन मशीन बंद, मरीज कतार में खा रहे धक्के

नवभारत न्यूज

बैतूल, 21 मई. जिला अस्पताल में लाखों रुपए खर्च कर शुरू की गई टोकन व्यवस्था सिर्फ कागजों में सिमटकर रह गई है। टोकन जारी करने वाली मशीन कमरे में बंद पड़ी है, जबकि विभिन्न विभागों में लगाए गए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं।

मरीजों की सुविधा के लिए लगाई गई थी मशीन

कतार में खड़े रहकर मरीज कर रहे बारी का इंतजार

नतीजतन मरीजों को पर्चा बनवाने, डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने के लिए तीन-तीन जगह कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि अस्पताल में रोजाना 700 से 800 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिससे भीड़ और अव्यवस्था और बढ़ जाती है। मरीजों और उनके परिजनों को घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में यह परेशानी और भी गंभीर हो जाती है। मरीजों की इसी समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने करीब वर्ष 2024 में टोकन सिस्टम (क्यू मैनेजमेंट सिस्टम) लगाया था। इसके तहत कई जगहों पर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाए गए थे और सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया गया था। साथ ही एक टोकन मशीन भी स्थापित की गई थी, जिससे मरीजों को डिजिटल तरीके से नंबर मिल सके। हालांकि कुछ समय तक यह व्यवस्था चली, लेकिन इसके बाद सिस्टम ठप हो गया। जिम्मेदारों ने इसे दोबारा शुरू कराने की दिशा में कोई ठोस पहल तक नहीं की।

मरीज बढ़ते ही डॉक्टर पर्चा देख लिख देते दवाइयां ..... जिला अस्पताल में स्थिति यह है कि सबसे पहले ओपीडी की पर्ची बनवानी पड़ती है, इसके बाद संबंधित डॉक्टर के चेंबर में जाना पड़ता। रोजाना औसतन 800 से अधिक मरीजों के पहुंचने से पर्ची बनवाने से लेकर डॉक्टर कक्ष के बाहर कतार लगते हुए धक्का-मुक्की खाते मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। यही स्थिति दवाई वितरण केंद्र पर भी बन रही है। डॉक्टर कक्ष में भी भीड़-भाड़ होने से मरीजों का ठीक से उपचार तक नहीं मिलता। डॉक्टर भी पर्ची हाथ में लेकर बिना चेकअप और मरीजों से पूछकर ट्रीटमेंट लिखते हुए मरीजों को रवाना कर देते है।

सिस्टम से सीधी निगरानी का था दावा : ओपीडी के समय डॉक्टरों की निगरानी भी इस सिस्टम से होना थी, लेकिन अब ओपीडी के समय ही अधिकांश डॉक्टर या तो यहां-वहां घूमते रहते है। ऐसी स्थिति आए दिन देखने को मिलती है। इसके चलते भी मरीजों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता है। हालांकि अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए अधिकारी निरंतर प्रयासरत है, लेकिन कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आ रहा है। यहां तक कि कई बार मरीजों के परिजनों को ही स्ट्रेक्चर वार्ड तक ले जाना पड़ता है और कर्मचारी गायब रहते है।

> टोकन मशीन राज्य शासन की ओर से भेजी गई थी। टोकन सिस्टम के संचालन में कुछ तकनीकी समस्याएं आ रही थी। जिसका सुधार करने के बाद शुरू करेंगे। वैसे लाइन लंबी न लगे, इसके लिए अलग-अलग पर्ची काउंटर खोले गए है।
> - **डॉ. जगदीश घोरे,** सीएस, जिला अस्पताल बैतूल

लाइन में धक्के खाते हैं मरीज और उनके परिजन

टोकन सिस्टम बंद होने से मरीजों को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। पर्ची कटवाने के लिए मरीजों को लाइन में लगना पड़ रहा है। यहां पर्ची कटवाने के बाद मरीज और उनके परिजन डॉक्टरों के चेंबर के सामने लंबी लाइन में खड़े रहते है। यहां उपचार के बाद दवाई लेने के लिए लंबी कतार का सामना करना पड़ता है। इससे सहीं समय पर मरीजों को उपचार नहीं मिल पाता। कई बार देरी के कारण बुजूर्ग या गर्भवती महिलाएं उपचार कराने के बजाए परेशान होकर बैरंग लौट जाते है और उन्हें उपचार के लिए निजी क्लिनिक जाना पड़ता है। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

नए भवन बन रहे, सुविधाएं वहीं की वहीं

जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नए-नए भवन बन रहे है, लेकिन सबसे जरूरी उपचार की सुविधा अब भी अस्पताल में वहीं की वहीं है। जिला अस्पताल में न तो स्वीकृत पद के बराबर डॉक्टर, विशेषज्ञ मौजूद है और न ही स्टॉप की पूर्ति हो पाई है। जिसके कारण अक्सर अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ती है। ऊपर से डॉक्टरों पर काम का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि वर्तमान में मरीजों को पर्ची कटवाने के बाद डॉक्टरों के कक्ष के सामने लंबी लाइन में घंटो खड़ा रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में बुजूर्ग मरीजों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती है।

शत प्रतिशत राजस्व लक्ष्य की पूर्ति करें अधिकारी : कलेक्टर

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित बैठक में आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, खनिज विभाग, जिला उप पंजीयक और वाणीज्य कर विभाग की समीक्षा कर निर्धारित राजस्व लक्ष्य प्राप्ति के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्धारित राजस्व लक्ष्य हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली कार्यों में तेजी लाई जाए और अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए। आबकारी अधिकारी

को निर्देश दिए कि ओवररेटिंग की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानों के विरुद्ध तत्काल प्रकरण दर्ज कर पेनाल्टी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने अवैध रूप से शराब बिक्री के विरुद्ध राजस्व एवं आबकारी के अमले को संयुक्त निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग कर कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बैठक में आरटीओ को निर्देश दिए कि चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से निर्धारित ड्रेस एवं आई कार्ड पहनकर ही ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि कार्रवाई पूरी पारदर्शिता और नियमों के तहत की जाए। कलेक्टर ने ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया जाए। उन्होंने विभागों को प्राप्त राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का मशाल जुलूस

पाथाखेड़ा। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर सोमवार शाम सारनी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बटेश्वर भारती के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से जय स्तंभ चौक तक मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग उठाई।लगातार हो रहे परीक्षा घोटालों से देश के लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है और सरकार परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी छात्रों और अभिभावकों के साथ खड़ी है तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करती है। मशाल जुलूस एवं विरोध प्रदर्शन में माणिक धोटे, एस.के. उपरीत, इरफान, सोनू सोनी, सुनील भलावी, चंद्रा सोनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जल बचाओ, भविष्य बचाओ पाथाखेड़ा में दिया संदेश

पाथाखेड़ा। वेकोलि पाथाखेड़ा क्षेत्र के सभागार में गुरुवार को जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर आयोजित आपसी-संवाद कार्यक्रम में जल बचाने और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने कहा कि देश के कई बड़े शहर आज गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं, यहां तक कि नदियों के किनारे बसे शहरों में भी पानी की कमी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए जन-जन की सक्रिय भागीदारी समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर का उदाहरण देते हुए बताया कि जल संकट के कारण वहां लोगों को पलायन तक करना पड़ा। उन्होंने खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़ अभियान को जल संरक्षण का प्रभावी मॉडल बताते हुए पर्यावरण बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वेकोलि द्वारा पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं खदानों से निकलने वाले पानी को किसानों के खेतों तक पहुंचाने की पहल की सराहना की गई। क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय एम. मिश्रा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अमिया साठे, वरिष्ठ जनसंपर्क प्रबंधक आशीष तायल, महाप्रबंधक (संचालन) जितेन्द्र कुमार गुप्ता सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नपा अध्यक्ष ने लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

मुलताई। नगर में चल रही स्थानीय लाइब्रेरी का बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष,पार्षद सहित सीएमओ ने लाइब्रेरी का निरीक्षण कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से उनकी समस्या जानी।इस दौरान विद्यार्थियों ने पीने के पानी, कूलर और छात्राओं के लिए अलग शौचालय जैसी कई समस्याएं बताईं। नपाध्यक्ष नीतू परमार ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी को दो दिन के भीतर सभी व्यवस्थाएं बनाने का निर्देश दिए। सीएमओ श्री तिवारी ने बताया उक्त निरीक्षण प्रदेश स्तर पर चलाए गए एक घंटा किताबों के नाम अभियान के तहत किया

किया गया,अभियान के तहत आयुक्त, जेडी, ईई, सीएमओ और एई स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की लाइब्रेरी में जाकर अध्ययन का माहौल तैयार करने और सुविधाओं का अवलोकन करने के निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों ने बताया कि गर्मी के दिनों में पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में रखे गए 10 पानी के कैंपर कम पड़ जाते हैं, इसलिए उनकी संख्या बढ़ाकर 15 करने की मांग की गई। विद्यार्थियों ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए कूलर लगाने और पंखों की संख्या बढ़ाने की मांग की।

कटौती से परेशान किसानों ने की नियमित रूप से बिजली देने की मांग

मुलताई। क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान है। लगातार बिजली कटौती से सब्जियों की फसल की सिंचाई नहीं होने से सब्जियों की फसलें प्रभावित हो रही हैं।

अघोषित बिजली कटौती बंद कर सतत बिजली प्रदाय करने की मांग को लेकर किसान संजू वागदरे, राजकुमार चौहान, संदीप ठाकरे, रवि, सुनील सहित अन्य किसानो ने सांडिया स्थित बिजली कंपनी के सब स्टेशन पहुंचे। किसानों का कहना है बार-बार बिजली बंद होने और लंबे समय तक बिजली नही आने के कारण खेती मे मोटर पंप नहीं चलने से फसलों की सिचाई नहीं हो पा रही है। कई गांवों में रात के समय भी बिजली नही रहने से किसानों को फसलों की सिचाई के लिए रतजगा करना पड़ रहा है। किसानों ने बिजली अधिकारियों से फसलों की सिचाई के लिए पर्याप्त बिजली देने की मांग की। उनका कहना था कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उनकी फसलें खराब हो सकती हैं। किसानों का कहना है बिजली विभाग उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

सूचना तकनीक के जनक थे राजीव गांधी : डागा

बैतूल। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार 21 मई को जिला कांग्रेस कार्यालय बैतूल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान देश के प्रति उनके योगदान और आधुनिक भारत निर्माण में निभाई गई भूमिका को याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि राजीव गांधी भारत में कंप्यूटर क्रांति और

सूचना तकनीक के जनक थे। उन्होंने देश को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप आज भारत विश्व स्तर पर सूचना तकनीक और डिजिटल क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को नई सोच और नई दिशा देने का काम किया तथा देश में दूरसंचार व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री डागा ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायत राज व्यवस्था को सशक्त कर गांवों तक लोकतंत्र की मजबूती सुनिश्चित की।

मजबूत कांग्रेस संगठन खड़ा करना प्राथमिकता

बैतूल। राजनीति जब वातानुकूलित कमरों से निकलकर गांव की चौपाल तक पहुंचती है, तब उसकी असली ताकत दिखाई देती है।

गुरुवार को बैतूल जिले के ग्राम बघोली में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब बैतूल विधानसभा प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने ग्राम बघोली में पेड़ों की घनी छांव के नीचे चौपाल लगाकर मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के साथ घंटों राजनीतिक मंथन किया। बैठक में नेताओं ने कार्यकर्ताओं की नब्ज

टटोली और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। गांव के बीच पेड़ों के नीचे लगी चौपाल में कांग्रेस नेताओं ने मंचों की औपचारिकता छोड़ सीधे कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर संवाद किया। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, बूथ प्रबंधन, गांवों में कांग्रेस की सक्रियता और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। नेताओं ने स्पष्ट संकेत दिए कि अब संगठन जिला और ब्लॉक स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, हर गांव और हर बूथ तक कांग्रेस की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शाहपुर जिला बैतूल म.प्र.

क्र./प्रया./अ.वि.अ./2026/545 शाहपुर दिनांक : 18.05.2026

राजस्व प्रकरण क्र. 0102/अपील/2024-25

1. जगदीश वल्द गिरधारी चक्रवाहन जाति कतिया निवासी सलैया तहसील घोडाडोंगरी जिला बैतूल म0प्र0 ----------अपीलार्थी

विरुद्ध

1. कलिया वल्द रोनिया (मृत) वारसान
(क) भजन वल्द चतरू
(ख) हजारी वल्द चतरू
(ग) प्रल्हाद वल्द चतरू
निवासी रानीपुर तहसील घोडाडोंगरी जिला बैतूल म0प्र0
(घ) पार्वती पिता चतरू निवासी बांसपानी तहसील घोडाडोंगरी जिला बैतूल
(ड) तजन वल्द चतरू (मृत) वारसान
(ड)(1) दिनेश वल्द तजन
(ड)(2) गणेश वल्द तजन
निवासी रानीपुर तहसील घोडाडोंगरी जिला बैतूल म0प्र0
2. भगवान वल्द सुक्कू
3. गेंदलाल वल्द रोनिया
4. शीला वल्द शंकर
5. सुग्गो वल्द शंकर
6. सूरज वल्द शंकर
निवासी सलैया तहसील घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल
7. रामबाई वल्द गिरधारी (मृत) वारसान
(क) शर्मिला पिता मोहन पर्ति राजेश
निवासी बांसपानी तहसील व जिला बैतूल म0प्र0
(ख) रेशमा पिता मोहन
निवासी पुरानी ईटारसी जिला नर्मदापुरम म0प्र0
(ग) विवेक बल्द मोहन
निवासी सहेली पो0 केसला जिला नर्मदापुरम म0प्र0
8. कुवारिया वल्द गिरधारी
9. शकुन वल्द गिरधारी
10. सावित्री वल्द गिरधारी
11. कोयली वल्द गिरधारी
निवासी सलैया तहसील घोडाडोंगरी जिला बैतूल म0प्र0 ----------गैरअपीलार्थीगण

//सूचना पत्र//

जर्ये सूचना पत्र गैरअपीलार्थीगण एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी की ओर से अधिनस्थ न्यायालय तहसीलदार घोडाडोंगरी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0007/अ-27/2016-17 में पारित आदेश दिनांक 05.08.2017 से परिवेदित होकर अपील अंतर्गत धारा 44 म.प्र. भू.राजस्व संहिता के तहत पेश की है। प्रकरण में ग्राम सलैया तहसील घोडाडोंगरी जिला बैतूल स्थित भूमि खसरा नंबर 216/1 कुल रकबा 0.519 है0 के संबंध में विवाद है। उक्त अपील प्रकरण में इस न्यायालय में पेशी दिनांक 28.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से पक्ष समर्थन करें। आपकी अनुपस्थिति पर एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर आगामी कार्यवाही की जावेगी।

यह सूचना न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनाक 18.05.2026 को जारी की गयी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.), शाहपुर

कोशिश रूफ फाल में दबी सीएम, कोयला उत्पादन हुआ प्रभावित

200 करोड़ की मशीन खदान में हुई दफन, निकालने की कोशिश हुई नाकाम

सारनी। तवा खदान एक में रुफ फाल होने से 200 करोड़ की मशीन जमीदोज हो गई है। खदान में फंसी मशीन को निकालने की सभी कोशिशे नाकाम साबित हो रही है। उक्त खदान में फंसी मशीन को निकालने में करीबन एक से दो माह का समय लग सकता है, मशीन फंसने से वेकोलि प्रबंधन को रोजाना करोड़ो का नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा क्षेत्र में रूफ फाल में कंटीन्यूअस माइनर (सीएम) दबने की खबर ने वेकोलि में हड़कंप मचा दिया है। सूत्रो का कहना है कि तवा-1 खदान के डब्ल्यू-7 सीएम सेक्शन में करीब 10 से 12 मीटर रूफ

फाल कंटीन्यूअस माइनर पर हुआ है। जिससे मशीन पूरी तरह दब गई है और यहां से कोयला उत्पादन शत प्रतिशत प्रभावित हुआ है। इस घटना के बाद से लगातार अधिकारियों का दौरा खदान में हो रहा है। गौरतलब है कि 6 मार्च 2025 को पाथाखेड़ा क्षेत्र की छतरपुर-1 खदान के सीएम सेक्शन में हुए रूफ फाल में अंडर मैनेजर, माइनिंग सरदार और ओवर को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना से पूरा कोल इंडिया कॉप उठा था। बावजूद इसके इस दुर्घटना से सबक लेने के बजाय बार-बार सुरक्षा नियमों की अनदेखी और अपने आपको भूमिगत खदान के विशेषज्ञ समझने की वजह से हादसे की पुनारावृत्ति हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तवा-1 भूमिगत खदान में सीएम मशीन का संचालन अरविंदों कंपनी द्वारा ठेके पर महेश्वरी कंपनी को दिया गया है और यह कंपनी सीएम मशीन से प्रतिदिन करीब 1000 से 1200 टन कोयला उत्पादन कर रही थी। तवा खदान मे अचानक हुए रूफ फाल में सीएम मशीन दब गई है। जिसके उपर से मलबा हटाने का कार्य जारी है जानकर सूत्रों का कहना है कि पाथाखेड़ा क्षेत्र की भूमिगत तवा-1 खदान में दो सेक्शन से कोयला उत्पादन होता है।

दबाव में कर रहे काम

खदान सूत्र बताते हैं कि सब एरिया मैनेजर अरूण शर्मा और मैनेजर उमेश दुबे का व्यवहार कोयला कामगारों के प्रति ठीक नहीं है। जिसके चलते कामगार दबाव में काम कर रहे हैं। यही वजह है कि बार-बार तवा-1 खदान में दुर्घटनाएं हो रही है। खदान प्रबंधन की लापरवाही की वजह से इस खदान में पानी भरने से लगभग दो माह तक कोयला उत्पादन प्रभावित रहा है। बावजूद इसके प्रबंधन ने अपनी कार्यक्रणाली में सुधार नहीं किया है। जिसके चलते लगातार कोल इंडियाल लिमिटेड को नुकसान हो रहा है। इस खदान में लगभग 500 मेन पॉवर है और रोजाना करीब 1500 टन कोयला उत्पादन होता है।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

पाथाखेड़ा। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय नाना कॉम्प्लेक्स में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मंडलम अध्यक्ष हेमंत धोटे के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने एकत्र होकर स्वर्गीय राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता तिरुपति एरुलू एवं वरिष्ठ नेता भोला कांति ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में दूरसंचार क्रांति लाकर भारत को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर गांवों तक लोकतंत्र की शक्ति पहुंचाई। नेताओं ने कहा कि युवा सोच, आधुनिक दृष्टिकोण और विकासवादी नीतियों के कारण राजीव गांधी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मंडलम अध्यक्ष हेमंत धोटे एवं रोहन रघुवंशी ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने भारत को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की, जिसका लाभ आज पूरा देश प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम में तिरुपति एरुलू, भोला कांति, माणिक धोटे, गौतम नागले, विलास लोनारे, हरीश पाल, सन्नी अरोलू, प्रवीण पाल, गोविंदा अरोलू, डी.डी. देशमुख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।